!! गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्री तुलसी जी का १५वां महाप्रयाण दिवस और सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह !!

सुनाम – दिनांक 18-6-2011 को **शांतिदूत, युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण** जी की सुशिष्या साध्वी श्री सोहनकुमारी जी छापर के सान्निध्य में **गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्री तुलसी** जी के महाप्रयाण दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

साध्वी श्री सोहनकुमारी जी ने इस मंगल अवसर पर अपने आराध्य के प्रति अपने भावों को समर्पित करते हुए कहा– आचार्य श्री तुलसी एक महान् क्रान्तिकारी आचार्य थे। आपके जीवन के प्रत्येक दशक में नई क्रान्ति थी। जैन धर्म व तेरापंथ धर्मसंघ का विकास कैसे हो सकता है, इस विषय पर सतत चिंतनशील रहते थे और कार्य को क्रियाविन्त कर लेते। सक्रिय शिक्षण प्रशिक्षण देना आपका सतत प्रयत्न रहता। गुरू वे होते है– जो दलदल रूपी कीचड मे फंसे हुए व्यकित को संसार – सागर से पार करते है। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले आध्यात्मिक गुरू ही होते है। जब तक व्यकित पदार्थ की चेतना से हटकर, भीतर की चेतना तक नहीं पहुंचता, तब तक अनन्त सुखों को प्राप्त नहीं कर सकता। सम्यक्–दर्शन, सम्यक्–ज्ञान और सम्यक्–चारित्र के अभाव में मिथ्यात्व रूपी अहंकार में डूबे रह जाएंगे।

! सौ–सौ सूरज उगवे, चंदा उगे हजार !
!! इतना चांदन होत है, गुरू बिन घोर अंधार !!

इस अवसर पर साध्वी श्री सिद्धान्त श्री जी , यशपाल जैन, प्रेमभूषण जी जैन, रवीन्द्र जी जैन, प्रज्ञा जैन, चिमन जी जैन, केवलकृष्ण जी जैन, रामलाल जी जैन आदि ने गीतिका, कविता आदि के माध्यम से अपनें भावों की अभिव्यकित दी।

कार्यक्रम का कुशल संयोजन तेरापंथ युवक परिषद् के सहमंत्री हितेश जैन ने किया।

Prepared By:- Hitesh Jain

!! सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह !!

इससे पहले कार्यक्रम के प्रथम चरण में गुरूदेव श्री तुलसी जी के सपनों का समाज तेरापंथ युवक परिषद् के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर आचार्य श्री तुलसी जी के पावन चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तेरापंथ सभा के मंत्री रवीन्द्र जैन जी ने शपथ ग्रहण करवाई।

इससे पहले दिनांक 12-6-2011 को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशानुसार चुनाव-मुनाव का कार्यक्रम किया गया। सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की सहमति से सुनाम की तेरापंथ युवक का अध्यक्ष सुमित जैन जी को चुना गया। इसके बाद सभी मंत्री, सहमंत्री, संगठन मंत्री आदि भी बनाएं गए। इस साल सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद् के पदाधिकारियों की नई सुची कुछ इस प्रकार है।

श्री केवल कृष्ण जैन	संगरक्षक
सुमित जैन	अध्यक्ष
गौरव जैन	उपाध्यक्ष
कपिल जैन	उपाध्यक्ष-२
आशिश जैन	मंत्री
हितेश जैन	सहमंत्री
पवन जैन	संगठन मंत्री
दीपक जैन	संगठन मंत्री-२
विशवनाथ जैन	कोशाध्यक्ष

हमारी सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद् की ओर से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् को विनम्र भाव से जय जिनेन्द्र ! युवक परिषद् की पूरी सूची हम आपको जलद ही भेज देगें।

!! इसी मंगल कामना के साथ ओम् अर्हम् !!

Yours Faithfully,
All TYP Members,
President:- Sumit Jain.
Secratery:- Ashish Jain.
Hitesh Jain (90413-99764)

Date Of Sent:- 18-6-2011.